हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 9 जनवरी, 2024

सहारा में रिफंड का हाल

## 20 हजार से ज्यादा राशि के रिफंड वाले आवेदन रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा सहारा में जमा राशि को 45 दिनों के भीतर वापस लौटाए जाने के दावों की पोल खुल रही है। केंद्र सरकार ने सहारा में 20 हजार रुपए से ज्यादा की राशि के रिफंड के आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। जिसके कारण निवेशक बेहद परेशान और हलाकान हैं।

सहारा इंडिया का ऑनलाइन रिफंड पोर्टल लगभग एक महीने बंद था। पोर्टल में कुछ कमियां थी, जिसे सुधार कर इसे पुनः शुरू किया गया है। पोर्टल में पहले चरण में रिफंड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों को 10 हजार रुपए तक राशि लौटाई गई है। पोर्टल के दोबारा शुरू करने के साथ दूसरे चरण में अब जमाकर्ताओं को 20 हजार रुपए तक राशि लौटाई जाएगी। हालांकि पहले चरण में पोर्टल पर जमाकर्ताओं को आवेदन करने के दौरान अपनी कुल जमा राशि की प्रुफ के साथ जानकारी मांगी गई थी। जिसके अनुसार जमाकर्ताओं ने आवेदन भी किए थे। इन आवेदनों के आधार पर 10 हजार से अधिक रकम वाले जमाकर्ताओं में कइयों को 10-10 हजार रुपए लौटाए भी गए हैं, लेकिन पोर्टल में अब नई व्यवस्था की गई है। इसके तहत 20 हजार से अधिक रिफंड के लिए आवेदन करने वाले जमाकर्ताओं के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करना होगा।

सहारा इंडिया में निवेशकों के डूबे पैसे लौटाने के लिए जुलाई 2023 में ऑनलाइन सहारा रिफंड पोर्टल (सीआरसीएस) लांच किया गया है। इस पोर्टल के जरिये देश के उन सभी राज्यों में रहने वाले निवेशकों से आवेदन मंगाए गए हैं, जिनके पैसे सहारा में जमा कराए जाने के बाद वापस नहीं मिले।

**पोर्टल पर जमाकर्ताओं को आवेदन करने के दौरान अपनी कुल जमा राशि की प्रुफ के साथ जानकारी मांगी गई**

### 45 दिनों के अंदर रिफंड का दावा फेल

सहारा रिफंड पोर्टल लांच करने के साथ दावा किया जा रहा था कि पहले चरण में पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन करने के 45 दिनों के भीतर निवेशकों को उनकी राशि लौटाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार राज्य से आवेदन करने वाले सैकड़ों में अब तक बमुश्किल 15-20 लोगों को ही 10-10 हजार रुपए की राशि वापस मिल पाई है।




**दूसरे चरण में 20 हजार तक लौटाई जाएगी राशि**
दूसरे चरण में 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया था। इन आवेदनों के अनुसार निवेशकों को 20 हजार रुपए तक राशि लौटाई जाएगी।

**इन सोसाइटियों में फिर करना होगा आवेदन**
पहले चरण में रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज, हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव एवं स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी में निवेश करने वालों को रिफंड किया जा रहा है, जिन निवेशकों को राशि लौटाई नहीं गई है, उन्हें सोसाइटियों से संबंधित आवेदन दोबारा करना होगा।

### पहले चरण में 231 करोड़ राशि लौटाई

सूत्रों के अनुसार पहले चरण में सहारा रिफंड पोर्टल के जरिये निवेशकों को 10-10 हजार रुपए लौटाए गए हैं। इसके लिए 15 नवंबर तक आवेदन मंगाए गए थे। इस तरह पहले चरण में कुल 231 करोड़ की राशि निवेशकों को लौटाई गई है।

### निवेशकों को भेजा जा रहा मैसेज

सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल में प्रस्तुत किए गए आवेदनों को सत्यापित किया जा रहा है। इसके बाद ही उनके खातों में राशि ट्रांसफर की जा रही है। ऐसे निवेशक जिनके आवेदन दस्तावेजों में कमी है या उनके दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया जा पाया है, ऐसे निवेशकों को दस्तावेजों में कमियों को दूर करने एवं सत्यापन का काम जारी है, का मैसेज भेजा जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पर कार्रवाई



**खैरागढ़।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से 12 बोतल शराब बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ में अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 7 जनवरी को थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों के विरूद्ध अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने की सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई में आरोपी शोएब खान 32 साल साकिन वार्ड नं. 1 पिपरिया को अवैध शराब बिक्री हेतु अपने घर के पाप पिपरिया में रखे थे। जिसके कब्जे से 12 बोतल कीमती 4,800 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपीगण को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा।

---

सालों से एक ही दफ्तर में जमे कई बाबू, सिंडिकेट बनाकर चल रहा खेल

## राजस्व दफ्तरों में मची लूट, लोग परेशान चढ़ोत्तरी सिस्टम बंद करवाना बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजस्व प्रकरणों के जल्दी निपटारे के साथ ही आम लोगों को सहुलियत देने कहा है। सरकार आम लोगों के लिए राजस्व प्रकरणों में सरलीकरण की कोशिशों में लगी हुई है, लेकिन सीएम के बयान और सरकार की पहल के बाद भी जिले में स्थिति नहीं बदली है। पिछले कुछ सालों से शुरू हुआ लूट का खेल अब भी जारी है। तहसील के साथ ही जिले के सभी अनुविभागीय दफ्तरों में बकायदा रेट कार्ड तय कर दिए गए हैं। जिनके अनुसार ही डायवर्सन से लेकर ऋण पुस्तिका व नामांतरण तक के लिए तय रकम लेने लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है।

इतना ही नहीं अपना काम कराने के लिए लगातार दफ्तरों के चक्कर काटकर परेशान होने के बाद जब लोग अपना काम कराने के लिए तय रकम दे रहे हैं तो भी उनका काम जल्दी नहीं हो रहा है। तहसीलों में रकम लेने के बाद भी काम पूरा करने के लिए महीनों घुमाया जा रहा है। दबाव डालकर लूट मचाने के इस खेल में जमीन दलालों की भी अहम भूमिका है, उनके जरिये ही तहसील एवं एसडीएम दफ्तर के बाबू यह पूरा खेल कर रहे हैं। इनमें ऐसे बाबू महत्वपूर्ण है, जो लंबे समय से उन्हीं दफ्तरों में पदस्थ है। यह बाबू आला अफसरों की भी अनदेखी कर अपनी मनमानी कर जनता से पैसे लूटने में लगे हुए हैं।

**खास बातें**
- कलेक्टर से भी शिकायत की तैयारी
- गरीब लोगों की बढ़ी परेशानी, हर काम के लिए पैसा देना मजबूरी
- जमीन दलालों के जरिये चल रहा खेल
- शासन की छवि खराब करने में जुटा अमला



### इस तरह के दाम तय

मिली जानकारी के अनुसार तहसीलों में डायवर्सन कराने के लिए प्रति डिसमिल दो हजार का दाम तय किया गया है। ऐसे ही ऋण पुस्तिका बनाने 5 से 10 हजार रुपए तक की डिमांड पटवारियों द्वारा की जाती है। नामांतरण के लिए दो हजार रुपए लिया जा रहा है। सीमांकन के लिए 50 हजार और बटांकन के लिए भी मुंह मांगी रकम की डिमांड की जा रही है। जिससे आम लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है।

### लंबे समय से जमे बाबू

मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक स्तर में तहसील एवं एसडीएम कार्यलयों में कई बाबू ऐसे हैं, जो लंबे समय से वहीं पदस्थ है। इस खेल में बाबूओं ने अपने नीचे भी एक सहयोगी रख लिया है, जिन्हें सरकार ने नहीं, बल्कि इन बाबूओं ने ही अपनी काली कमाई के हिस्से से वेतन देकर रखा हुआ है। बाबूओं द्वारा किए जा रहे इस काम के चलते शासन की छवि भी धूमिल हो रही है।

### नेताओं के जरिये लॉबिंग

सत्ता बदलते ही अब पटवारी से लेकर आरआई और दफ्तरों में जमे बाबू अपनी कुर्सी बचाने के लिए सत्तापक्ष के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। हाल ही में कुछ पटवारियों का हल्का बदला गया है, इनमें जिन पटवारियों को मनपसंद हल्का नहीं मिला, वे अब सत्ताधारी दल के नेताओं से फोन करवाकर अफसरों पर दबाव डाल रहे हैं। अफसरों को फोन करवाकर हल्का बदलने के लिए दबावपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। जबकि आला अफसरों ने उन पटवारियों को लगातार शिकायत आने के बाद ही बदला है।

---

## हिट एंड रन कानून के विरोध में अब स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिट एंड रन कानून के विरोध में अब छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का ऐलान किया है। चालकों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर साफ तौर कहा है कि कल 9 जनवरी से वे अपनी मर्जी से स्टेयरिंग तब तक छोड़ देंगे, जब तक काले कानून को वापस नहीं लिया जाता। ड्राइवरों द्वारा किए जा रहे इस आंदोलन के कारण जिले में एक बार फिर परिवहन व्यवस्था के ठप होने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस कानून के तहत वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर ड्राइवर को दस वर्ष के कारावास और 5 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ड्राइवरों का कहना है कि कोई भी वाहन चालक किसी के साथ जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है, यह महज एक हादसा होता है, लेकिन ऐसे में सरकार द्वारा ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाना न्यायोचित न होकर तानाशाही है। ट्रक मालिक और चालकों ने पिछले दिनों आंदोलन का आगाज कर देशभर में प्रदर्शन किया था। जिसके कारण परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। पेट्रोल और डीजल पंप से लेकर फल, सब्जियों और राशन के ट्रकों की आवाजाही के बंद होने के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित भी हुआ था। इस बीच केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद यह आंदोलन समाप्त किया गया था। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने आज कलेक्टर संजय अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कल 9 जनवरी से सभी चालक अपनी स्टेयरिंग छोड़कर आंदोलन का आगाज कर रहे हैं।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

महासंगठन ने कहा अभी वे किसी भी प्रकार का चक्काजाम और हड़ताल जैसा कदम नहीं उठा रहे है, लेकिन यदि कानून को वापस नहीं लिया गया तो भविष्य में उग्र आंदोलन चक्काजाम कर यातायात भी बाधित करेंगे। चालकों ने ट्रक मालिकों को भी जानकारी दे दी है।

---

- हत्या के बाद 10 आरोपी किए गए थे गिरफ्तार, अब तक 14 भेजे गए जेल

## मेले के दौरान हत्या, तीन माह से फरार चार आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ में नवरात्र मेले के दौरान हुए हत्या के मामले में पुलिस ने फरार तीन आरोपियों सहित 1 विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की है। इस मामले में पूर्व में 8 अन्य आरोपी 2 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ मेला घूमने आने के दौरान 19 अक्टूबर 23 को सुबह 7.50 बजे घटनास्थल रेलवे स्टेशन रोड डोंगरगढ़ अन्ना इटली दुकान में आरोपीगण एवं आहत आदिल खान के बीच इटली खाने के विवाद पर लड़ाई-झगड़ा होने पर आहत आदिल खान अपने साथी मृतक अक्षय लारोकर एवं सोहेल रजक व अन्य साथियों को बुलाया। जिससे विवाद बढ़कर गंभीर विवाद में तब्दील हो गया। आरोपीगण एक राय होकर मृतक एवं आहत को धारदार चाकू एवं हाथ-मुक्का व ईंट से मारपीट कर चोंट पहुंचाकर हत्या कर दिए।



### 3 आरोपी सहित 1 विधि से संघर्षरत पर कार्रवाई

प्रार्थी ऋषभ लारोकर के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के मार्ग निर्देशन में निरीक्षक भरत बरेठ थाना प्रभारी डोंगरगढ़ के नेतृत्व में सायबर टीम के साथ लगातार फरार आरोपियों की पता तलाश कर 8 आरोपीगण एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में फरार अन्य आरोपी अनिमेश मेश्राम पिता मदनलाल मेश्राम 23 साल साकिन स्टेशनपारा, अविनाश राजपूत पिता स्व. रविन्द्र राजपूत उम्र 21 साल साकिन स्टेशनपारा, आर्यन साहू पिता अनिल साहू 19 साल साकिन स्टेशनपारा एवं 1 विधि से संघर्षरत बालक को 7 जनवरी को पकड़कर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने एवं आहत द्वारा पहचान कार्रवाई करने के पश्चात विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा ज्यु. रिमांड पर जेल भेजा गया है।

---

## सोशल मीडिया में भेजा अश्लील मैसेज, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पीड़िता को वाट्सअप एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लील मैसेज भेजकर प्रताड़ित करने वाले आरोपी को छुरिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 6 जनवरी को पीड़िता ने थाना छुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोबाइल नंबर का धारक विक्की उर्फ वासुदेव साहू द्वारा पीड़िता के वाट्सअप एवं इंस्टाग्राम में अश्लील शब्द का प्रयोग करते गलत-गलत मैसेज भेजकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के संबंध में रिपोर्ट किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 6 जनवरी को आरोपी के सकुनत में पुलिस टीम रवाना कर आरोपी को पकड़कर थाना छुरिया लाया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को 7 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

### रिपोर्ट पर मामला दर्ज

*इस मामले में मामला महिला संबंधी होने से त्वरित कार्रवाई करते आरोपी विक्की उर्फ वासुदेव साहू पिता बालसिंह साहू 29 वर्ष निवासी मिचगांव थाना खड़गांव के विरूद्ध थाना छुरिया में अपराध धारा 509 (ख) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।*

---

22 जनवरी को घर आंगन जगमगाएंगे

## राम भक्तों के बीच दीयों की ऐसी मांग कुम्हारों को दीपावली जैसे मिले ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही जिले में भी श्रीराम भक्तों द्वारा घर-आंगन एवं मंदिरों में मिट्टी के दीये प्रज्जवलित किए जाने की तैयारी है। जिसके चलते बाजार में दीयों की मांग बढ़ी हुई है। वहीं कुम्हारों को भी दीये बनाने के आर्डर मिलने लगे हैं।



ज्ञात हो कि अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को है, जिसे देखते हुए जिले के मंदिरों एवं भक्तों द्वारा अपने-अपने घर-आंगन में इस दिन दीये प्रज्जवलित किए जाने की तैयारी है, जिसे लेकर व्यापक तैयरियां की जा रही है।

**कुम्हारों को मिले आर्डर :** मिली जानकारी के अनुसार बाजार में मिट्टी की सामग्रियां बेचने वालों ने भी इस आयोजन को देखते हुए दीये की दुकानें सजाई है। लोगों के बीच दीये की मांग भी होने लगी है। इधर कुम्हारों को भी इस माह दीये बनाने के आर्डर मिलने लगे हैं। मोहारा निवासी राजेश ने बताया कि उन्हें लगभग 20 हजार दीये निर्माण का आर्डर मिला है, जिसे पूर्ण करने के लिए जुटे हुए हैं। कई दीये के निर्माण हो चुके हैं, जिसे इन दिनों सूखाने का कार्य किया जा रहा है।

### कई संगठनों द्वारा भी वितरण

इधर कई संगठनों द्वारा भी आम लोगों को दीयों का वितरण किया जा रहा है। जिलेभर में लोगों के बीच राम भक्तिमय माहौल निर्मित है। सुबह जहां गांव से लेकर शहर के मोहल्लों में भजन-कीर्तन डोल-मंजीरा के साथ प्रभात फेरियां निकाली जा रही है। वहीं दूसरी ओर अयोध्या से जिले में पहुंचे पूजित अक्षत कलश की शोभायात्राएं निकाली जा रही है। रामदूतों द्वारा घर-घर दस्तक देकर अयोध्या से पहुंचे अक्षत, भगवान श्रीराम का चित्र एवं आमंत्रण पत्र वितरित कर 22 जनवरी को घर-आंगन में दीये जलाकर दिवाली मनाने का आह्वान भी किया जा रहा है।

---

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बनाए सभी सीटों पर समन्वयक

## नांदगांव लोस का जिम्मा दीपक को, पदम संभालेंगे दुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद अब कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश की 11 सीटों में जीत हासिल करने के लिए ऑल इंडिया नेशनल कांग्रेस की तरफ से समन्वयक नियुक्त कर दिए गए हैं।

इसमें राजनांदगांव लोकसभा सीट का समन्वयक दीपक दुबे को बनाया गया है। वहीं राजनांदगांव जिला ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे पदम कोठारी को दुर्ग लोकसभा सीट का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा भी सभी सीटों में समन्वयक तय कर दिए गए हैं। बताया गया कि इन समन्वयक को अब आगामी कुछ दिनों में पार्टी को एकजुट करने के साथ ही पार्टी की विचारधारा लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### पार्टी को संगठन स्तर पर मजबूत करने की होगी जिम्मेदारी





#### आठ में से पांच पर मिली जीत



हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को प्रदेश स्तर पर हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आठ में से पांच विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। केवल राजनांदगांव, कवर्धा और पंडरिया में ही भाजपा ने जीत हासिल की है। हालांकि सभी सीटों के वोट मिलाने पर भाजपा को ही कांग्रेस से अधिक वोट हासिल हुए हैं। इधर अब कांग्रेस के सामने पिछले तीन लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद इस बार बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने बेहतर प्रत्याशी तलाशने की भी कवायद शुरू कर दी है।

**प्रदेश कांग्रेस के सचिव हैं दुबे :** मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा सीट का समन्वयक बनाए गए दीपक दुबे दुर्ग जिले की राजनीति में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे कांग्रेस के प्रदेश संगठन में सचिव पद पर है। श्री दुबे के सामने अब लोकसभा क्षेत्र में सभी कांग्रेसियों को एकजुट रखने की चुनौती होगी। साथ ही मजबूत दावेदार तलाशना भी होगा। ज्ञात हो कि 2006 के बाद से कांग्रेस ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से जीत हासिल नहीं की है।

### प्रदेश की महत्वपूर्ण सीटों में से एक दुर्ग

प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही पदम कोठारी को हटाकर कांग्रेस ने भागवत साहू को जिला कांग्रेस ग्रामीण की कमान सौंपी थी, तब से ही यह उम्मीद लगाई जा रही थी कि उन्हें आगे कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी क्रम में अब उन्हें प्रदेश की हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल दुर्ग लोकसभा सीट का समन्वयक बनाया गया है। उन्हें अब उस सीट पर पार्टी को जीताने के लिए मेहनत करनी होगी।






## खबर संक्षेप

### 22 को मनाए दिवाली जैसा उत्सवः मधु

**एलबी नगर।** ग्राम में आयोजित रामचरित मानस सम्मेलन में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हुए। उन्होंने मक्काटोला में कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। श्री यादव के पहुंचने पर ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री यादव ने आगामी 22 जनवरी को रामलला के अयोध्या में विराजमान होने पर दिपावली जैसा उत्सव मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, हेमलाल वर्मा, देवेन्द्र साहु, राजेन्द्र जैन, घनश्याम वैष्णव, देवेन्द्र यादव, योगेश पटेल, हेमंत साहू,चमरू नेताम, पवित साहू, खेदु साहू, मधुकर धरमगुड़े, राकेश सिन्हा उपस्थित थे।



### हास्पिटल का किया लोकार्पण

**चिचोला।** विधायक भोलाराम साहू ने ग्राम में छह बिस्तर अस्पताल का लोकर्पण और सीसी रोड का भूमिपूजन किया। उन्होंने अस्पताल को विधायक मद से एंबुलेंस देने की घोषणा की। अध्यक्षता जिला महिला इंका अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी ने की। इस मौके पर चुम्मन साहू, एकनाथ सिन्हा, राम साहू, राजू सिंह, दीनालाल मंडलोई, अमित अग्रवाल, हीरा सिन्हा, सरपंच आतिश सिन्हा, भावेश सिन्हा, विनोद मंडलोई , खेदू सिन्हा, दुर्जन पुरी, नमन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### भागवत कथा का वाचन जारी



**गंडई पंडरिया।** नगर के व्यापारी भरतलाल नामदेव ने अपनी पत्नी गंगाबाई नामदेव की स्मृति में भागवत कथा का आयोजन किया है। कथावाचक पं. रामप्रसाद शास्त्री द्वारा प्रतिदिन कथा का वाचन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन 7 जनवरी को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 50 से अधिक महिलाएं पीले वस्त्र से सुशोभित होकर सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। कलश यात्रा में आयोजनक भरत लाल नामदेव का सुपुत्र विवेक नामदेव भगवान गोपाल को हाथों में थामे शामिल हुए।

### पूर्व मंत्री ने मनाया जन्मदिन

**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने जन्मदिन के मौके पर मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। मंदिर दर्शन पश्चात समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान डॉ थानेश्वर पाटिला, प्रदीप शर्मा, सुरेश सिन्हा, धीरज मेश्राम, संध्या देशपांडे, संजीव गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव, प्रमोद टेम्भूर्णीकर, शिव निषाद, शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, प्रमोद ठाकुर, संजय यादव, मतीन खान, बबलू शांडिल्य, जितेन्द्र भाटिया, रवि तिवारी, विजय अग्रवाल, गणेश मुदलियार, सुधीर शिन्दे, संजीव वशिष्ठ आदि मौजूद थे।



### वार्षिकोत्सव 10 को

**पटेवा।** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आगामी 10 जनवरी को विद्यालय प्रबंधन समिति के तत्वावधान में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता नीलकंठ साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच मिथिलेश साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश द्विवेदी, बहुत सिंग साहू, रामदिल वर्मा, विजय गजपाल, हरिशंकर साहू होंगे।

### सहकारिता विस्तार अधिकारी को विदाई

**डोंगरगढ़।** सहकरिता विस्तार अधिकारी छुरिया देवेंद्र कुमार मिश्रा को गत दिनों विदाई दी गई। उनकी सेवा पूर्ण होने पर उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में उप पंजीयक शिल्पा अग्रवाल, सहायक पंजीयक रघुराज सिंह, अंकेक्षण अधिकारी आरएस नायक, सहकारी निरीक्षक चकलाधर गोयल, आरके महिलांगे, लोकनाथ माहेश्वरी, शशिकांत श्रीवास, अभय कपरे, मनोज तारम, गीता मेश्राम आदि उपस्थित थे। उप पंजीयक शिल्पा अग्रवाल ने मिश्रा के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वह समितियों के ऑडिट रिपोर्ट, जांच प्रतिवेदन आदि बहुत ही बारीकी से करते थे। स्टाफ की मदद करने कभी पीछे नहीं रहते।



### दिवंगत सिंह को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** दिवंगत पूर्व सांसद शिवेंद्र बहादुर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर 4 जिलों के समर्थको ने लाल निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेससियो ने राजा साहब के कार्यकाल और उनके योगदान को याद करते बताया कि उन्होंने मजबूर लोगों को दान में अपनी जमीन दिया साथ ही जिले में लोको शेड, नवोदय विघायल, केंद्रीय विघायलय, ट्रेनों का स्टापेज, बैगा प्रोजेक्ट उत्थान, आईटीआई, कॉलेज, सीलीपाट फैक्ट्री, दुरदर्शन केंद्र खोलने में अहं योगदान दिया। इस अवसर पर विवेक वासनिक, सुदेश देखमुख, गुलाब चोपड़ा, भीखम छाजेड, अनिल गट्टानी, शशांक तिवारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, रघवीर प्रताप सिंह, धीरज मेश्राम, मिलिंद टेम्बुरकर, संजय यादव, मतीन खान, अकील कुरैशी, अनिल जैन, कपिल महोबिया, जितेंद्र भाटिया, विजू भाई, राजू अग्रवाल, रामजी तराने, भीखम छाजेड़, राजेन्द्र, बबलू सोनी, जय नारायण सिंह, राजासिंह राजपूत, विक्रमप्रताप सिंह, मतीन खान सहित अन्य उपस्थित थे।



## सड़क निर्माण में लापरवाही, आसपास की मिट्टी का उपयोग

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

मुढीपार क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में लगभग 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है। गुमानपुर से कुसुमकुंआ, गर्रापार से मुढीपार, मुढीपार से टेकापार तक 5-5 किलोमीटर सड़क बनना है। पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से सड़क बनवाया जा रहा है। तीनों रोड में मनमाने तरीके से मुरूम खोदकर तथा आसपास की मिट्टी का उपयोग सड़क बनाने में किया जा रहा है। मनमाने तरीके से खुदाई करने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

ग्रामीणों ने बताया कि आधा किलोमीटर आगे इलेक्ट्रिक पोल को मिक्चर मशीन ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। पोल टूट कर अधर में लटक रहा है जिससे दुर्घटना होने की आशंका है। यह पोल करीब 15 दिनों से अधर में लटक रहा है। घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दे दी गई है किंतु आज तक कार्रवाई नहीं हुई है।



### ठेकेदार के पक्ष में उपयंत्री

लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री अश्विनी यद्दु से इस संबंध में चर्चा किया गया तो उन्होंने कहा कि कल ही बोर्ड लगवा दिया जाएगा। ग्रामीणों से पाइपलाइन फूटने की जानकारी मिली है। उन्हे मरम्मत कराने कहा गया है जिसका पेमेंट ठेकेदार से करवा दूंगा।

### मौके पर सूचक बोर्ड नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि इस निर्माण की लागत कितनी है और कितनी लंबी सड़क का निर्माण होना है की जानकारी बोर्ड लगाकर सार्वजनिक नहीं किया गया है। तीनों कार्य का सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है।

### कुसुमकुंआ के ग्रामीण प्यासे

सड़क बनाने के दौरान पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से कुसुमकुआं के रहवासी बीते माह भरं से पानी को तरस रहे है। शिकायत करने पर ठेकेदार सहित विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों के साथ बदतमीजी करने उतारू हो गए है। ग्राम की कमलादेवी वैष्णव, सुरेश नेताम, मकसुदन साहू, सुखलाल, प्रताप कुमार, पूजा वैष्णव, मुन्ना, अजीतकुमार, बिहारीलाल, टीकम कुमार, रोशन कुमार, रूद्र गोंड, सुरेश गोड, कमलेष वर्मा सहित अन्य ने बताया कि गांव में घुसते ही निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों द्वारा सडक के बगल से गुजरी पाईप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बीते 30 दिनों से गांव में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

# वन क्षेत्र से हो रही रेत की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी


राजनांदगाव वन मंडल अंतर्गत आने वाले सड़क चिरचारी, पिनकापार, नवागांव, भर्रीटोला, गोपालपुर, छुरिया, जोब, कटेंगाटोला से लगातार रेत का खनन और परिवहन लगातार किया जा रहा है। शासन के साथ जंगल को नुकसान होने के बाद भी अधिकारी कार्रवाई करने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बागनदी वन परिक्षेत्र के बीट सहित अन्य स्थानों से रोजाना रेत की अवैध निकासी हो रही है। सड़क चिरचारी. भर्रीटोला, जोब, खोभा, छुरिया गोपालपुर पिनकापार, नवागांव में पदस्थ वन अधिकारियों द्वारा रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं जाना संदेहास्पद है।जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र तथा अन्य क्षेत्रों में अधिक दाम मिलने के कारण रेत माफिया धड़ल्ले से रेत का खनन और परिवहन कर रहे है। साठगांठ के चलते राजस्व और वन विभाग के अधिकारी कार्यवाही करने से बच रहे हैं।

### जगह-जगह रेत का भंडारण

जानकारी के अनुसार अंचल में सक्रिय रेत माफिया लंबे समय से रेत का अवैध कारोबार को कर रहे हैं। बागनदी क्षेत्र के बीट सहित अन्य स्थानों पर रेत डंप कर रखा गया है जिसे रात में अन्य स्थानों पर भेजा जाता है। ग्रामीणों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से रेत माफिया पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कम काम का ज्यादा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बधियाटोला वार्ड 8 में लगभग 20 लाख की लागत से कराए गए इंटरलाकिंग कार्य में सवाल उठ रहे हैं। इस कार्य में 9 से 10 लाख से अधिक खर्च नहीं हुआ है। इंटरलाकिंग में उपयोग में आने वाला चेकर टाईल्स का भुगतान वर्गफुट के आधार पर सत्यापन के बाद किया गया है जबकि ठेकेदार ने चेकर टाईल्स की खरीदी 14 से 15 रूपए प्रतिनग के हिसाब से किया। 30 रूपए जोड़ी चेकर टाईल्स में लगने वाले रॉ मटेरियल एवं मजदूरी का मूल्यांकन करें तो लगभग 42 से 45 रूपए खर्च होता है। जिसके हिसाब से भुगतान राशि 13 से 14 लाख तक होती है जबकि दो गुना भुगतान किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर में लगभग 2 करोड़ का इंटरलाकिंग काम हुआ है। पूरे निर्माण कार्य में तीन गुना अधिक का सत्यापन मूल्यांकन कर भुगतान किया गया है। इसी प्रकार वार्ड 22 में लगभग 4 से 5 लाख के इंटरलाकिंग कार्य में 14 से 15 लाख का भुगतान किया गया है। कार्य होने के तीन माह बाद पूरा निर्माण जर्जर अवस्था में पहुंच गया है।

### भुगतान नहीं हुआ

पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक ने बताया कि बधियाटोला का निर्माण अपूर्ण होने से भुगतान नही किया गया है। गुणवत्ता के साथ निर्माण होने के बाद ही भुगतान होगा। वार्ड . 22 के निर्माण में भारी वाहनों के खडेसे टूट फुट होने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अग्रेषण शुल्क की बेजा वसूली

## कॉलेज में छात्रों ने किया जमकर हंगामा, राशि वापसी की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय डां. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में छात्रों से अग्रेषण शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर अभाविप के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने सोमवार को जमकर हल्ला बोला। छात्रों का कहना है कि विश्विद्यालय के नियमानुकसार प्रति छात्र 30 रुपए अग्रेषण शुल्क लेना है किन्तु यहां सभी छात्रों से 20 रुपया अतिरिक्त लिया जा रहा है जिसकी रसीद भी नहीं दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार अभाविप के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कॉलेज परिसर में घंटो प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्राचार्य को छात्र ज्ञापन देना चाह रहे थे किन्तु वह कार्यलय से बाहर आने को तैयार नहीं हुई। छात्रों का कहना है कि पूर्व में भी बेजा वसूली हो चुकी है जिसका एबीवीपी ने विरोध किया था किन्तु महाविद्यालय प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं किया। एबीवीपी ने छात्रों से लिए गए अतरिक्त शुल्क को वापस करने तथा वसूली करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग रखा गया।

### जमकर नारेबाजी

प्रदर्शन में नवनीत अहीर, दानेश्वर साहू, यशवंत नायक, गिरीश यादव, पंकज यादव, भागीरथी निषाद, सत्यम वैष्णव, देव नारायण माली, आसु सेन, चंद्रशेखर, कुलपति, आकाश, ब्रजेश, शत्रुहन, संदीप, अभिषेक, मुकेश, हिमांशु, राहुल, पुष्पेंद्र, ओमेश, भूपेंद्र, त्रिवेंद्र, पीवेंद्र, अमन साहू, यशवंत साहू, अनीश, कौशल सोनी, चेतन, मेनका देहारी, मुस्कान साहू, टोमेश्वरी पटेल, दिव्या, डोमेश्वरी, संध्या, सुषमा, ऋतु पटेल, भूमिका, हस्तिका, किरण, तिकेश्वरी, नंदनी, रोशनी शुक्ला, करीना पटेल, डॉली देवांगन, यामिनी साहू, यामिनी सोनकर, पूजा पटेल, मोनिका, दामिनी, भारती आदि शामिल हुए।

### सामान बरामद, चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** देवपुरा निवासी नारद कुमार साहू पिता पुन्नुराम साहू ने 7 जनवरी को गैरेज के पास खड़ी गाडी से पार्ट्स एसीएम प्लेट जिसकी कीमत 2 हजार है को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गंडई निवासी आरोपी आमीन सोलंकी पिता ज्ञासुद्दीन सोलंकी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया एवं चोरी का समान बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।



# सम्मानित हुए उत्कृष्ट छात्र



**सड़क अतरिया।** सोमवार को विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सण्ड़ी एवं पंड़रिया में किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ज्योति जंघेल एवं शाव्या वैष्णव सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिविर में शामिल हुए। ज्योति जंघेल ने उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। आवास योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, पेंशन, रोजगार आदि योजना की जानकारी देकर लाभ उठाने प्रेरित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सुरेन्द्र जंघेल, श्री धुर्वे, नेतराम जंघेल, गंगोत्री जंघेल, बीना जंघेल, प्रतिमा जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, शीतला जंघेल, उषा जंघेल, शारदा जंघेल, कोमल जंघेल, संतोष जंघेल, रमेश जंघेल, रामचन्द्र जंघेल, राजू जंघेल, हेमंत धुर्वे, निराशा यादव, उर्मिला नेताम आदि शामिल हुए।

### मंच का निर्माण अटका

**पटेवा।** तत्कालीन विधायक भुवनेश्वर बघेल ने दो स्थानों पर मंच निर्माण की घोषणा किया था जो अब तक नहीं बन सका है। जानकारी के अनुसार मंचों के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी थी।सरस्वती शिशु मंदिर के पास 2 लाख एवं शीतला मंदिर के पास 3 लाख की लागत से मंच का निर्माण होना है। पता चला है कि तकनीकी कारणों से राशि वासस हो गई है। मंच का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### शोभायात्रा के साथ कथा का समापन

**घुमका।** ग्राम के पंचायत प्रांगण में राजपूत चंदेल परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार को हुआ। अंतिम दिन कथाकार श्रीकांत जोशी ने शिव पूजन की विधि एवं नियमों के बारे में बताया। उन्होंने भगवान शिव के अभिषेक के अलावा शांति पाठ, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र, दूध, दही, मधुरस, काले तिल, गन्ना रस, शक़्कर, धतूरा फूल का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि एक से 27 मुख तक का रुद्राक्ष पाया जाता है जो श्वेत, पीला एवं काले रंग का होता है। आंवला के आकार वाला रुद्राक्ष क़ो प्रमाणित एवं उपयोगी होता है। उन्होंने एक मुखी से 15 मुखी रुद्राक्ष क़ो धारण करने से होने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष में स्वयं शिवजी विराजित होते है। कथा समापन के बाद शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए शीतला मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर कुमार सिंह, कमला देवी, जयकरण सिंह, सावित्री देवी, मोहिनी देवी, योगेंद्र सिंह, रानू देवी, भोजराज सिंह, वंदनादेवी, कुलदीप सिंह, दीपिका देवी, युवराज सिंह, ममता देवी, मनीष, मौली देवी, नवनीत सिंह, रिया देवी, अनीता, निरंजन सिंह, रंजीता, अजय सिंह, आशु सिंह, अनुराग सिंह, अनोखी, युक्त, पीहू, आदेश, कृष्णा यदु, करण यादव, संतोष साहू, कुंतु श्रीवास आदि मौजूद थे।



Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराजा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... 9406004581
बिलासपुर: ... 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### रीना गौतम को मिली पीएचडी उपाधि

**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि के ग्राफिक्स विभाग से शोध छात्रा रीना गौतम ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ रबी नारायण गुप्ता, सहायक प्राध्यापक ग्राफिक्स विभाग के निर्देशन में रीना गौतम ने उत्तर भारत के प्रमुख कला केन्द्रों का समकालीन छापाकला के विकास में योगदान एक अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूरा किया है। बाह्य परीक्षक के रुप में आमंत्रित डॉ. राखी कुमारी, सहायक प्राध्यापक, पटना विवि ने शोध कार्य की प्रशंसा की। दृश्यकला संकाय के अधिष्ठाता और ग्राफिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव, प्रभारी शोध विभाग प्रो डॉ मृदुला शुक्ल, मूर्तिकला के सहायक प्राध्यापक डॉ. छगेन्द्र उसेंडी, अतिथि व्याख्याता उमेश नेताम, संकाय के शोधार्थी निहारिका, नूतन किशोर निषाद, घाटा दिनु कचरू ने रीना गौतम की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### शिक्षा गौरव अलंकरण, रूपेन्द्र बने शिक्षादूत



**खैरागढ़।** कलेक्टर द्वारा अनुमोदित शिक्षा विभाग के नवाचारी और पदस्थ शाला में श्रेष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षादूत और ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्टोरिया स्कूल के विज्ञान भवन मे आयोजित कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक एक के सहायक शिक्षक रूपेन्द्र दास मानिकपुरी को उनके श्रेष्ठ कार्य शाला त्यागी बच्चों को शाला तक लाकर अध्ययन अध्यापन से जोड़ने और शिक्षण पद्धति को सरलीकरण करने के अलावा नवाचारी गतिविधियों के प्रयोग सहित कोरोना काल मे भी मोहल्ला क्लास के माध्यम से लगातार ऑनलाइन शिक्षण कार्य करने के कारण अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि लगातार बच्चों के हित मे कार्य और इग्राइट शाला मे प्रभारी प्रधान पाठक के पद चार साल के कार्यकाल के दौरान सराहनीय कार्य जिससे विद्यालय में दर्ज संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई थी। शिक्षा और शिखकीय क्षेत्र में उनके योगदान और कुशल कार्य संपादन को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा रूपेंद्र दास मानिकपुरी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

## निधन

### बिंदाबाई बारले



**घुमका।** छोटे बिरेझर निवासी 64 वर्षीय बिंदाबाई बारले का निधन रविवार को सुबह निधन हो गया। इन्होंने दो बेटे यादव राम व सुरेश कुमार बारले व बेटी निर्मला एवं संगीता सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। वह तग्गू बारले की धर्मपत्नी थी। अंतिम यात्रा में परिवार, समाज एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। रविवार को अंतिम संस्कार यहां के मुक्तिधाम में किया गया। शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### बंशीलाल जोशी गुरूजी

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 जीई रोड राजनांदगांव के आजीवन सदस्य बंशीलाल जोशी का 8 जनवरी 2024 को निधन हो गया। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी ने जोशी के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। जिला सतनामी सेवा समिति के संरक्षकगण धनेश पाटिला, रामजी भारती, चैनदास बांधव, सरोजनी बंजारे, हर्षिता स्वामी बघेल, पीआर देशलहरा, नेतराम देशलहरा, लोकनाथ भारती, शोभाराम बघेल, जीपी रात्रे, देवचंद बंजारे, पीडी सोनकर, दादूलाल जोशी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त की। उक्त जानकारी जिला सतनामी सेवा समिति के मीडिया प्रभारी ने दी।



---

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विनोद को मिला पक्का घर

# योजनाओं की जानकारी देने मोबाइल वैन पहुंची महराजपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाइल वैन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत महराजपुर पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा देशभर में सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाइल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया।

इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धरती कहे पुकार के अंतर्गत जय मां दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर सरपंच दुलारी ठाकुर, उप सरपंच पुष्पराम साहू, पंच जगदीश ठाकुर, तुमेश साहू, ओमदास साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



#### योजना का मिला लाभ

महराजपुर निवासी खेमिन साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से उन्हें लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि वे गर्भवती थी, तब प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत आवेदन की थी जिससे उन्हें 5 हजार रुपए मिला है। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे का अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें आयुष्मान कार्ड से उन्हें निःशुल्क ईलाज की सुविधा मिली है। इससे उनका बच्चा स्वस्थ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### पीएम आवास योजना के तहत बना पक्का मकान

महराजपुर निवासी विनोद कुमार साहू ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पक्का घर बन गया है। अब वे पक्के मकान में खुशहाली से जीवनयापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की लाभार्थी उषा साहू ने बताया कि मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के संबंध में जानकारी मिली। जिससे उन्हें 5 हजार रुपए राशि मिली है। प्राप्त राशि को उन्होंने स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य, पोषण आहार में लगाया है। इसके साथ-साथ अन्य हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने विचार व्यक्त किए और ग्रामीणों को इस योजना से लाभान्वित होने की बात कही। सभी लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

---

# शिशु मंदिर में कवियों ने किया काव्य पाठ

**गंडई।** डोंगरी साहित्य समिति गंडई ने सरस्वती शिशु मंदिर में साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.पीसीलाल यादव ने वर्तमान में छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य सृजन पर प्रकाश डालते हुए प्रकाशित पुस्तकों और उनके रचनाकारों का उल्लेख करते हुए इन पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आज की विसंगतियों की ओर इशारा करती हुई कविता बोलो लोकतंत्र की जय से सबका ध्यान आकृष्ट किया। डॉ.माघीलाल यादव की कविता जिंदगी हो जाए सुहानी नये साल में ने सबका मन मोह लिया। राजकुमार मसखरे ने अपने चिर-परिचित अंदाज में जाड़ पर कविता पाठ किया। लच्छूराम यादव ने मां की ममता पर कविता सुनाया। श्रद्धा यादव और लता साहू ने बेटी पर सुमधुर गीत कविता पेश किया। चिंता राम ध्रुवे ने हसदेव जंगल और तुलेश्वर सेन ने वर्तमान सामाजिक बुराई पर अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर टीकाराम देशमुख, टीकाराम ध्रुवे, मुकेश साहू, शशांक यादव, संजू उइके, हेमंत मसखरे और सेवकराम जंघेल ने भी अपनी कविता से सबको भावविभोर किया। संचालन कमलेश शर्मा बाबू ने किया।

### एमएमसी में आयोजित जयंती में शामिल हुए साहू

**खैरागढ़।** संविधान सभा के सदस्य जयपाल मुंडा और भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री फूले की संयुक्त जयंती एमएमसी जिले के मानपुर में मनाई गई। प्रदेश भर के विचारक, कार्यकर्ता और शिक्षामित्रों के साथ प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित सामाजिक चिंतक व जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि अब किसी खास वर्ग या समुदाय को ऐतिहासिक दोष न देते हुए हम सबको सामूहिक प्रयास से विकास पथ पर बढ़ना होगा। हम मानव सभ्यता के श्रेष्ठ समय में जी रहे हैं इसलिए हर आदमी अपना श्रेष्ठ काम करते करे, समाज के हर व्यक्ति को सभ्यता, शिक्षा और विकास में साथ लेकर चले। श्री साहू ने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के बहुमुखी प्रतिभा के धनी जयपाल मुंडा ने अपनी शिक्षा कौशल से संविधान निर्माण में अहम योगदान दिया और जीवन पर्यंत आदिवासी समुदाय के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। महान समाज सुधारक क्रांति-ज्योति और नारी शिक्षा की अग्रदूत सावित्री फूले ने जीवन पर्यंत समाज सेवा का काम किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश सिंह ठाकुर, एड महेंद्र साहू, मानिकचंद घोड़ेसवार, केएल खोब्रागढे, दीपक कोटांगले, विधि की छात्रा संतोषी सलामें, सामाजिक कार्यकर्ता निलेश यादव और विधि के छात्र सौरभ मिलिंद भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



---

# सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना जारी, अंतिम तिथि 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ अकादमिक कैलेंडर के अनुसार तिथियों की सूचना जारी

इंदिरा कला संगीत विवि में शैक्षणिक सत्र 23-24 के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अकादमिक कैलेंडर के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश और शुल्क जमा करने तिथियों की सूचना जारी कर दी गई है। प्रभारी कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार के अनुसार संगीत विवि में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर के समस्त सम सेमेस्टर अंतर्गत पाठ्यक्रमों में प्रवेश व शुल्क जमा करने 2 से 15 जनवरी 24 तक बिना विलंब शुल्क के और विलंब शुल्क साथ 16 से 24 जनवरी 24 तक प्रवेश लिया जा सकता है।



#### कुलपति ने की राज्यपाल से सौजन्य भेंट

राज्यपाल और इंदिरा कला संगीत विवि के कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान संगीत विवि की कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता चंद्राकर ने भी सौजन्य भेंट की। गौरतलब है कि बीते सप्ताह महामहिम की धर्मपत्नी व प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन निजी प्रवास पर शहर पहुंची थी। इस दौरान भी कुलपति डॉ. चंद्राकर और कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार ने श्रीमती हरिचंदन से भेंट किया था।

### सभापति घम्मन ने दिया दो लाख



**खैरागढ़।** ब्लाक के धौराभांठा में आयोजित उप जाने स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। स्पर्धा में शामिल विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने बच्चों को खेल भावना से खेल खेलते हुए अपने संकुल को विजय दिलाकर जोन और तहसील में पहुंचने की शुभकामना दी। बच्चों को विद्यार्थी जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खेल के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। ग्रामवासियों की मांग पर उन्होंने सीसी रोड निर्माण के लिए जिपं निधि से दो लाख रूपए देने की घोषणा की। इस दौरान मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, जिला मंत्री ज्ञानदास बंजारे, भूषण साहू, हेमंत वर्मा, देवशरण साहू, उत्तम, रमेश वर्मा, कपिल, महेश्वरी, रंभा वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामवासी उपिस्थत थे।

# पीवीटीजी बसाहट का सर्वे कर पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने नवपदस्थ कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि पीएम जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों पीवीटीजी के सर्वांगीण विकास की दिशा में केंद्र सरकार की एक महती योजना है। योजना अंतर्गत पीवीटीजी क्षेत्रों में बेहतर क्रियांवयन को लेकर राजस्व अमले को तैनात करने छुईखदान एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने सभी नोडल विभागों एक साथ मिलकर काम करेंगे तभी पूर्ण लक्ष्य पाना संभव होगा। इसके लिए प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट का पूर्णता से सर्वे किया जाना आवश्यक है, ताकि उस क्षेत्र विशेष में संबंधित सुविधाओं को पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी नोडल अधिकारियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए समय-सीमा में काम करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि योजना के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 15 जनवरी को वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा अब तक इस संबंध में संपादित कार्रवाई की जानकारी लेते हुए योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए पीवीटीजी क्षेत्रों में स्थानीय बोली में प्रचार सामग्री वितरण पर जोर दिया।

#### महत्वपूर्ण गतिविधियों का होगा क्रियान्वयन

योजना अंतर्गत 9 केंद्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण ग्रिड और सोलर पावर के माध्यम से, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट और मोबाइल सर्विस की उपलब्धता सहित आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास सहित मुख्य लक्ष्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का संपूर्ण विकास करना है।

---

### जन-जन तक पहुंच रही है योजनाएं

**खैरागढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मे जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू शामिल हुए। जिपं क्षेत्र के संडी, देवारीभाठ में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में संचालित सभी योजनाओं का लाभ और उसकी जानकारी देने के उद्देश्य से यात्रा की शुरूआत की गई है। श्री साहू ने ग्रामीणों से आव्हान किया कि पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ सभी को प्राप्त हो और किसी कारणवश कोई योजना के लाभ से वंचित ना हो इसलिए यात्रा में विभागीय अधिकारी आपके गांव पहुंचकर योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे है। इस अवसर पर जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, पारख कोसरे, जिला मंत्री ज्ञानदास बंजारे, नरेश चोपड़ा, सरपंच धीराज वर्मा, किशन वर्मा, चेतन वर्मा, ईतवारी राम, प्रदीप कुमार, तुला राम सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# कलेक्टर-एसपी ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव का निरीक्षण किया। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम में साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने दिग्विजय स्टेडियम में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से मुलाकात की। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पीके सिंघानिया, सहायक अभियंता राजेश साहू, प्रबंधक दिग्विजय स्टेडियम रणविजय सिंह उपस्थित थे।



# शिवमहापुराण कथा जून में, बैठक में रूपरेखा पर चर्चा

**गंडई पंडरिया।** जून माह में नगर में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने सोमवार को गोंडवाना मैदान पंडरिया में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 80 से अधिक लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन लाखो की संख्या में भक्तों क शामिल होने की संभावना को देखते हुए व्यापक तैयारी की जा रही है। बैठक में बताया गया कि सफल आयोजन के लिए आगामी एक दो दिन में बैठक कर समिति का गठन किया जाएगा। समिति में उन्ही लोगों को शामिल किया जाएगा तो तन, मन लगा कर दायित्व का निर्वहन कर सके। बैठक में तय किया गया कि समिति गठन के बाद कार्यालय खोला जाए ताकि विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा सके। कार्यालय के लिए खम्हन ताम्रकर चाल को तय किया गया। कार्यक्रम गोंडवाना मैदान में होगा क्योंकि सड़क के दोनों किनारों की जमीन, कन्या स्कूल का ग्राउंड, आत्मानन्द स्कूल का ग्राउंड एवं अन्य को मिलाकर 35 एकड़ से ज्यादा की जमीन है। यहां पानी, नदी, नहर, धर्मशाला, सांस्कृतिक भवन, स्कूल, पार्किंग स्थल आदि के लिए पर्याप्त जगह है।



---

### साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों का लिया जायजा

# आयुक्त ने वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने रविवार सुबह सहायक अभियंता व उप अभियंता तथा स्वच्छता निरीक्षक के साथ शहर में सफाई एवं निर्माण कार्य देखने तुलसीपुर व ममता नगर का भ्रमण किया। उन्होंने उक्त क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, स्वच्छता से लोगों को जोड़ने तथा निर्माण कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता सर्वप्रथम मिलचाल एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा एकत्रीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कितने दिन का कचरा एकत्रित है, जानकारी लेकर गीला व सूखा कचरा पृथकीकरण के संबंध में प्रभारी से चर्चा कर गीला कचरा से खाद बनाने की मात्रा की जानकारी ली। सेंटर प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर सेंटर में लाकर गीला-सूखा कचरा पृथक किया जाता है। साथ ही सूखा कचरा बेचने से प्राप्त राशि सभी कर्मचारी आपस में बांट लेते हैं।




#### निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

आयुक्त गुप्ता ने वार्ड नं. 17 तुलसीपुर में नाली निर्माण तथा ममता नगर में अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने व प्रतिदिन तराई करने संबंधित ठेकेदार को कहने सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करें एवं गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इस अवसर पर उप अभियंता अनूप पाण्डे व डागेश्वर कर्ष उपस्थित थे।

#### कचरा उठाने के दिए निर्देश

तुलसीपुर-ममता नगर में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता सफाई में सुधार कर प्रतिदिन नाली साफ कर कचरा उठाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को दिए। उन्होंने कहा कि सभी सफाईकर्मी, वार्ड चपरासी व सफाई दरोगा निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे। नागरिकों व पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करेंगे। साथ ही कहा कि सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर से प्रारंभ स्वच्छता अभियान का आज अंतिम दिवस है। आज सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई दुरूस्त रखे तथा लोगों को भी सफाई से जुडने व स्वच्छता अपनाने समझाईस दें।

OPERA CONSTRUCTION
2BHK | 3BHK | 4BHK
BOOKING OPEN
at Abhinandan Galaxy
Anupam Nagar, Jeevan Colony,
G. R. Nagar, Near Riddhi Siddhi Colony
97700 22644, 70003 13786

Address : Plot Number A1 Jeevan Colony
Urban Mix Flat ke Samne Muktagiri Chowk

## सार समाचार

### पार्रीखुर्द के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

**राजनांदगांव**। संकुल भरेंगांव में 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपसरपंच रोहित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि आरके चौबे, जेआर साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने बच्चों को खेल भावना के साथ खेलों में बेहतर प्रदर्शन का संदेश दिया। विभिन्न खेल जैसे दौड़, कबड्डी, खो-खो, रिलेरेस आदि में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस के खेल का रोमांच और भी अधिक रहा। अधिकांश खेलों के फाइनल मैच द्वितीय दिवस संपन्न हुए। समापन समारोह में संकुल प्राचार्य श्रीमती एम. विजयन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। अंतिम मैच बालिका कबड्डी मा.शा. मोखला व मा.शा. पार्रीखुर्द के बीच खेला गया। जिसमें पार्रीखुर्द की बालिकाओं ने बाजी मारी। प्राचार्य ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी। खेल समाप्ति पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



### महिला कबड्डी टीम आज होगी रवाना

**राजनांदगांव**। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की महिला कबड्डी टीम आज अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आज रवाना होगी। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन कोलकाता यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा रहा है। हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग पिछले 3 वर्ष से अंतर विश्वविद्यालय में दूसरे और तीसरे नंबर की पदक विजेता रही है। विशेष बात यह है कि इस टीम में राजनांदगांव के आठ खिलाड़ी हैं। एक कबड्डी टीम में 12 खिलाड़ी होते हैं, उसमें कमला कॉलेज से 6 एवं दिग्विजय कॉलेज से दो खिलाड़ी हैं। यह सभी खिलाड़ी राजनांदगांव महिला कबड्डी टीम से खेलती हैं, इन्होंने अभी हाल में गोंदिया में अखिल भारतीय टूर्नामेंट जीतकर राजनांदगांव का नाम रौशन किया। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने विश्वविद्यालय महिला कबड्डी टीम को शुभकामनाएं दी है।



### प्रांतीय पदाधिकारियों ने सौंपा दस्तावेज

**राजनांदगांव**। विद्या मितान अतिथि शिक्षक के प्रांतीय पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर संविलियन के लिए मांग पत्र व अन्य राज्यों में हुए अतिथि शिक्षक संविलियन के दस्तावेज सौंपा। प्रांतीय पदाधिकारियों ने निवेदन किया कि मोदी के गारंटी अनुसार हम अनियमित कर्मचारी विद्या मितान अतिथि शिक्षक को शिक्षा विभाग में संविलियन किया जाए। विद्या मितान अतिथि शिक्षक सरगुजा और बस्तर के आदिवासी अंचल में बीजेपी के शासन के समय 2016 से कार्यरत हैं, इनकी नियुक्ति विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्ति हुई थी। लगातार विद्या मितान शिक्षकों के मेहनत ने हाई और हायर सेकंडरी स्कूल की गुणवत्ता में भारी उछाल पैदा किए। वर्तमान में सभी शिक्षकों का जगह स्थाई हो गया है। अब संविलियन की आस में सभी शिक्षक बीजेपी शासन से आस लगाए हैं। इस दौरान धर्मेंद्र दास वैष्णव, किरण तिवारी, राकेश राय, अंतु पांडे, देशमुख सर, योगेश साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।



### छात्रों के खिलाफ शिकायत, छात्रों ने दिया धरना

**छुरिया**। छुरिया महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों के खिलाफ किया थाने में शिकायतशासकीय रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य ने रविवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ छुरिया व गैंदाटोला थानें में शिकायत किया। जिसमें एबीवीपी को असामाजिक तत्व व धमकी चमकी देने के आरोप लगाया है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इन्हीं सब बातों को लेकर प्राचार्य ने शिकायत किया। इसी बात को लेकर महाविद्यालय के सामने पुलिस प्रशासन व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झुमाझटकी हुआ। और अभी भी विधार्थी परिषद के कार्यकर्ता कालेज के सामने बैठे हुए हैं। और शिकायत वापस लेने और गलती स्वीकार करने के बाद ही महाविद्यालय से जाने की बात कर रहे हैं।

शासकीय रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य ने रविवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ छुरिया व गैंदाटोला थानें में शिकायत किया। जिसमें एबीवीपी को असामाजिक तत्व व धमकी चमकी देने के आरोप लगाया है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इन्हीं सब बातों को लेकर प्राचार्य ने शिकायत किया। इसी बात को लेकर महाविद्यालय के सामने पुलिस प्रशासन व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झुमाझटकी हुआ। और अभी भी विधार्थी परिषद के कार्यकर्ता कालेज के सामने बैठे हुए हैं। और शिकायत वापस लेने और गलती स्वीकार करने के बाद ही महाविद्यालय से जाने की बात कर रहे हैं।



## 14 राज्यों के एनएसएस प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# शिविर में निकट से समझने व जानने का मिलता है अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल विगत दिनों अपने प्रवास के दौरान स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी राजनांदगांव में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए।





इस अवसर पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस राष्ट्रीय एकता शिविर में एक-दूसरे को निकट से समझने एवं जानने का अवसर मिलता है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है। उल्लेखनीय है कि युवा भारत-सशक्त भारत, विकसित भारत थीम पर आधारित शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी में हुआ। जिसमें देश के 14 राज्यों के एनएसएस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपना कौशल दिखाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, सामान्य प्रशासन एवं वित्त आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सचिव शारदा वर्मा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा, उप कार्यक्रम सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल डॉ. अशोक कुमार श्रोती, कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. आरपी अग्रवाल, राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग डॉ. नीता बाजपेयी उपस्थित थी।

# घर से आभूषण की चोरी आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 50 हजार रुपए का जेवरात बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया श्रीमती कौशल निर्मलकर पति स्व. नारद निर्मलकर 41 वर्ष साकिन सोनेसरार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 जनवरी को 8 बजे खाना खाकर घर में ताला लगाकर काम करने गांव में ही चली गई थी। शाम करीब 5 बजे जब काम से घर वापस आई तो घर का पीछे का दरवाजा खुला था, अंदर कमरे में घर का समान बिखरा हुआ था। आलमारी को खोलने का प्रयास किया गया था। घर में रखे संदूक जिसका ताला टूटा हुआ था, उसमें रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात कीमती 50 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 457, 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**जेवर बरामद**

इस मामले में पुलिस ने मुखबीर से सूचना मिलने व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर ग्राम देवादा निवासी दानीराम पिता मंशाराम निर्मलकर 32 साल साकिन देवादा थाना सोमनी का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात कीमती 50 हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी दानीराम निर्मलकर द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आज गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### पेंडरी में 10 से सत्संग प्रवचन


**राजनांदगांव**। मुसराकला समीपस्थ ग्राम पेंडरी के कबीर मंदिर-आश्रम में दो दिवसीय सदगुरू कबीर साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने परम पूज्य संतश्री प्रभाकर साहेब कोटा राजस्थान से अपने संत मंडली के साथ 10 एवं 11 जनवरी को पधारकर सत्संग प्रवचन के माध्यम से कबीर वाणी के विचारों को रखेंगे। ग्राम पेंडरी कबीर पंथाचार्य पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब के पावन जन्मभूमि ग्राम है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनकर्ता भक्त गनेशराम साहू हैं। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अधयक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

### महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ**। महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकडकर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 7 जनवरी को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 जनवरी को रात में खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। साढे 9 बजे बाथरूम करने अपने घर के आंगन में बने बाथरूम में गई थी। उसी समय लोकेश सिरमौर एवं कमलेश चंदेल घर के दरवाजे को धक्का देकर घर अंदर घुसकर छेड़छाड़ करने लगा, मना करने पर हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा तथा कमलेश चंदेल भी अश्लील गाली दे रहा था। आवाज सुनकर छोटी बहन व भाई बीच बचाव करने आए तो भाई व बहन को अश्लील गाली देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से प्रार्थिया को दोनों कान-गाल में चोट लगा है, दर्द कर रहा है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 456, 294, 323, 506, 354, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम गठित किया गया। लगातार तकनीकी शाखा के सहयोग से आरोपियों के होने के संभावित स्थान में दबिश देकर आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने अपने द्वारा घटना दिनांक को पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करना स्वीकार किया। जिससे आरोपियों लोकेश सिरमौर एवं कमलेश चंदेल साकिन सुतिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शहर में निकलेगी श्रीराम हर्ष शोभायात्रा, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शहर में भी इसका उत्सव मनाने श्रीराम हर्ष यात्रा निकाली जाएगी। गंज लाइन स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर से इस यात्रा की शुरूआत दोपहर ढ़ाई बजे होगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा को भव्य रूप देने तैयारियां शुरू कर दी गई है। यात्रा में बैंड बाजे, धुमाल, पंथी नृत्य, अखाड़े सहित श्रीराम की भव्य झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति और बाल समाज द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर शहर में व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि गंज चौक से भारत माता चौक तक भगवा रोशनी से सजाने लाइटिंग, तोरण और स्वागत द्वार से सजाया जाएगा। इसके अलावा शोभायात्रा के रूट में भी साज-सज्जा की जा रही है। श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को सुबह 8 से 11 बजे तक सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद सुबह 11 बजे प्रोजेक्टर द्वारा श्रीराम प्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से श्रीराम हर्ष शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 7 बजे से महाआरती, दीपोत्सव और प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में शाम को आतिशबाजी भी की जाएगी। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### शोभायात्रा का रूट

श्रीराम हर्ष शोभायात्रा गंज लाइन स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर से दोपहर 2 बजे निकलेगी। यहां से यात्रा आगे बढ़ते तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग, सुरजन गली से कामठी लाइन होते हमालपारा, गुड़ाखू लाइन से जूनीहटरी होते हुए यह शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंचेगी। यहां से सिनेमा लाइन होते वापस गंज लाइन मंदिर परिसर में यात्रा का समापन होगा।

# अग्र अलंकरण के 18 प्रतिभाओं के नामों की हुई घोषणा

- 14 को राजनांदगांव में होंगे सम्मानित

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा संचालित विभिन्न 18 क्षेत्रों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले 18 प्रतिभाओं को आगामी 14 जनवरी को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में आयोजित समारोह अनंत पैलेस पार्रीनाला सीआईटी कालेज के समीप संपन्न होगा। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व समारोह अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल के हाथों उपाधि 11000 रुपए नगद, प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण समारोह के प्रचार-प्रसार प्रभारी अशोक लोहिया के अनुसार आज अग्र अलंकरण महोत्सव आयोजन के संयोजकगण डॉ. अनिता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं डॉ. निर्मल अग्रवाल ने प्रदेशभर से प्राप्त आवेदन की गहन विवेचना कर सर्वश्रेष्ठ का चयन कर सूची प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल को सौंपी।

घोषणा करते अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने बताया कि 18 विशिष्ट क्षेत्र में विशेष योग्यता प्राप्त करने वालों में डॉ. स्वाति अग्रवाल, संकल्प अग्रवाल, गोपाल प्रसाद सुल्तानिया, गोपाल अग्रवाल, चंद्रमोहन रूंगटा, स्व. मूलचंद अग्रवाल, सारिका मित्तल, डॉ. विवेक चौधरी, तनवी बिंदल, प्रकाश सोनथलिया, चहक केडिया, अमित लोहिया, मेघा अग्रवाल, अशोक लोहिया, अग्रवाल सभा कोरबा, तिव्शा गोयल, पायल लाठ एवं अनामिका संजय अग्रवाल को प्रदान किया जाएगा।

## निधन



### गणेशराम अहीर

**राजनांदगांव**। स्टेशनपारा मुदलियार कालोनी निवासी व पूर्व शिक्षक गणेशराम अहीर 72 वर्ष का 8 जनवरी को निधन हो गया। वह अस्वस्थ थे। वे मीनल वर्धन के पिता थे। उनका अंतिम दर्शन सुबह 9 बजे राजनांदगांव में और अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम खैरागढ़ में सुबह 11 बजे किया जाएगा।



### टेहरदास साहू


**राजनांदगांव**। लखोली निवासी टेहरदास साहू (81 वर्ष) का दोपहर में स्वर्गवास हो गया। स्व. साहू रिटायर्ड बीएनसी मिल्स कर्मचारी थे। वे अमर दास, विचारदास, प्रकाशमणी व नारायण दास साहू के ज्येष्ठ भाई एवं सोहनदास, नीलेश्वर दास, कमलेश व प्रवीण साहू के पिता थे। श्री साहू का अंतिम यात्रा कल मंगलवार को निज निवास से सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# धान चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। रात में घूम-घूमकर ग्रामीण इलाकों में धान चोरी करने की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 7 जनवरी को प्रार्थी रेखालाल देवांगन पिता कंवलराम देवांगन 52 साल साकिन एमपी टेलर के पास दुर्गा चौक बसंतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6-7 जनवरी के दरमियानी रात को उसके पैतृक ग्राम रीवागहन में घर के बाहर रखे 320 कट्टा में से 32 कट्टा धान कीमती करीबन 30 हजार रुपए को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया, जिस पर थाना लालबाग में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं प्रभारी सायबर सेल द्वारिका प्रसाद लाउत्रे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया। इस दौरान मुखबीर से पता चला कि शांतिनगर चिखली निवासी आरिफ खान उर्फ राजा पूर्व में भी धान चोरी करता था, जिसे पूछताछ करने थाना लेकर आया था, जो पूछताछ में अपराध करना स्वीकार किया, जो उसका पृथक से मेमोरेडम लिया गया, जो अपने दो अन्य साथी पप्पू कुलदीप और सुशील साहू दोनों निवासी ठेलकाडीह के साथ मिलकर अलग-अलग चार जगह ग्राम रीवागहन में 32 कट्टा धान, ग्राम बोईरडीह में ब्यारा में रखे 32 कट्टूटा धान, ग्राम अचानकपुर के एक ब्यारा से 20 कट्टा धान, ग्राम पुरैना से 16 कट्टा धान, ग्राम पारीखुर्द से 45 कट्टा धान कुल 145 कट्टा धान को चोरी किया गया है। आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा के कब्जे से कुल 123 कट्टा धान कीमती 1,10,000 रुपए व घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा मैजिक कीमती 2,00,000 रुपए एवं मारूति वैन कीमती 1,50,000 रुपए जुमला कीमती 4,60,000 रुपए को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा पिता बसारत खान 37 साकिन शांतिनगर चिखली थाना कोतवाली राजनांदगांव जिला राजनांदगाव को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।




### जेसीबी बेचने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

**राजनांदगांव**। सोशल मीडिया में जेसीबी मशीन बिक्री करने का विज्ञापन देखकर प्रार्थी ने जेसीबी मशीन को खरीदने का सौंदा किया और उससे 3,22,499 रुपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारभाठा निवासी प्रार्थी अशोक नेताम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 दिसंबर को ग्राम बोरतलाब के बाजार में सामान खरीदी करने गया था। वहीं अपने मोबाइल के फेसबुक को खोलकर देखा। जिसमें नंदकुमार पटेल नाम के फेसबुक धारक द्वारा एक जेसीबी मशीन बिक्री का विज्ञापन डला हुआ था। जिसमें मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था, जिस पर प्रार्थी ने मोबाइल नंबर में संपर्क कर जेसीबी मशीन के संबंध में बात किया। उक्त जेसीबी मशीन का सौदा 9,00,000 रुपए तय किया गया। प्रार्थी ने इसके बाद अलग-अलग किस्तों में अलग-अलग बैंक खातों में कुल 3,22,499 रुपए भेजा। आरोपी ने प्रार्थी से उक्त राशि की धोखाधड़ी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## 'जब मैं सिर्फ एक औरत होती हूं' की प्रस्तुति

**राजनांदगांव**। जब मैं सिर्फ एक औरत होती हूं नाटक की शानदार प्रस्तुति 7 जनवरी को गौरवपथ स्थित श्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में दी गई। कार्यकम के मुख्य अतिथि महापौर हेमा सुदेश देशमुख व जिला वनमंडलाधिकारी सलमा फॉरूखी तथा क्रिश्चियन फेलोशिप अस्पताल के संचालक डॉ. थॉमस अब्राहम एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस नाटक के लेखक भुपिन्द्र पाली हैं और शहर के रंगकर्मी रितेश सिंगाडे द्वारा यह नाटक निर्देशित किया गया। नाटक की समयावधि 45 मिनट की थी, जिसे दर्शको ने खूब सराहा। यह नाटक आगामी दिनों में बिलासपुर, नागपुर, इंदौर तथा शिमला जैसे बड़े नगरों में अपनी प्रस्तुति देगा। नाटक जब मैं सिर्फ एक औरत होती हूं एक दंगे में फंसे एक हिन्दू परिवार के मर्म को बताता है। वहीं दंगे में अपनों से बिछडे, परिजनों को एक मुस्लिम परिवार की तड़प को दर्शाता है। नाटक के सफल निर्देशन के लिए शहर के कलाकारों ने नाटक के निर्देशक व रंगकर्मी रितेश सिंगाडे को शुभकामनाएं दी। नाटक में सलीम के किरदार को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया, जिसे नीरज उके ने निभाया। साथ ही रूकसार व रहमान के किरदार ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, जिसे ज्योति वाडे व सुरेन्द्र चंद्राकर ने अपने जीवंत अभिनय से जीवित कर दिया। हिंदू परिवार में जानकी के किरदार ने लोगों को रूलाया, जिसे सरोज घरडे ने निभाया। नाटक में जिन कलाकारों ने अपनी भूमिका निभाई उनमें रीना, नागेश पठारी, रीषभ सिन्हा, रूपेश कुमार साहू तथा रितेश सिंगाडे हैं एवं मंच संचालन लोकेश शर्मा व अतुल व्यास ने किया।







## खबर संक्षेप

### बिरनपुर कला में नौ दिवसीय श्रीमद्भावगत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 जनवरी से

**हरिभूमि स/लोहारा।** विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम बिरनपुर कला स्थित शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला में नौ



दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 से 20 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें 12 जनवरी को श्री गणेश पूजन, वेदी-पूजन जलयात्रा, गोकर्ण कथा, 13 जनवरी को सूत शौनकादि, नारदजी की कथा परीक्षित जन्म, शुकागमन, 14 जनवरी को कथा प्रारंभ-बाराह देवहूति कपिल देव सम्वाद, ध्रुव चरित्र, 15 जनवरी को प्रियव्रत चरित्र, भरत चरित्र भूगोल खगोल वर्णन, अजामिल कथा, 16 जनवरी को प्रहलाद चरित्र, वामन श्रीराम-कृष्ण अवतार वर्णन, 17 जनवरी को श्रीकृष्ण बाल चरित्र-रूखमणि विवाह आदि की कथा, 18 जनवरी को श्रीकृष्ण के अन्य विवाह कथा एवं श्री सुदामा जी की कथा, 19 जनवरी को नव योगेश्वरों की कथा परिक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौत्री तथा 20 जनवरी को हवन तुलसी वर्षा, गीता सहस्त्रधारा, पूर्णहुति किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास श्री श्री 1008 दण्डी स्वामी विशद्वानंद सरस्वती महाराज द्वारा भक्तजनों को कथा रसपान दोपहर 1 बजें से हरिइच्छा तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ से भाव विभोर करेंगें। वहीं परायणकर्ता पं राधारमण शर्मा श्रीधाम वृंदावन व ग्राम पुरोहित स्व. पं नरेन्द्र शुक्ला व पं संकेत शुक्ला वहीं मुख्य यजमान श्रीमती धुर हरिलाल वर्मा, श्रीमती अघनिया परस वर्मा, श्रीमती मोतिम विजय वर्मा, श्रीमती मीना अजय वर्मा व श्रीमती सरस्वती सुशील वर्मा विराजमान रहेंगें। वहीं नौ दिवसीय श्रीमद् भागतव कथा की तैयारियां समस्त ग्रामवासियों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है।

### जोन स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता मे महली स्कूल प्रथम स्थान प्राप्त किया



**हरिभूमि कुण्डा।** जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत महली जोन मे पांच संकुलों जिसमें महली, डबरी, बघर्रा, धोबघट्टी व कुम्ही संकुल कें प्रतिभागियों नें विभिन्न खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें महली संकुल से पूर्व माध्यमिक शाला महली के छात्राओं नें शिक्षिका श्रीमती यक्ष चंद्राकार के मार्गदर्शन मे सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे शानदार व मनमोहक प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान बनाया, वहीं छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर संकुल प्राचार्य डीके देवांगन, संकुल समन्वयक श्री तिवारी, विद्यालय के प्रधान पाठक शोभनाथ साहू, रामसहाय चंद्राकार, श्रीमती यक्ष चंद्राकार, श्रीमती नीलिमा राणा, श्रीमती लता तिवारी नें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुलिस चौकी दामापुर व थाना कुण्डा पुलिस ने जन-चौपाल लगाकर अपराध से बचने सलाह दी



**हरिभूमि कुण्डा।** जिले समस्थ थान-चौंकी अंतर्गत अपराध व अपराधिक मामलो में अंकुश लगाने कार्यवाही करने निर्देश दिए। जिस पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर द्वारा सोमवार को थाना-चौंकी दामापुर प्रभारी उपनिरीक्षक विमल लावनिया द्वारा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमली-मालगी में पुलिस जन-चौपाल लगाया गया। जिसमें थाना-चौकी प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामवासी महिला-पुरुष व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव को नशा मुक्त अपराध मुक्त बनाने के लिए बच्चों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, शिक्षित व्यक्ति ही समाज को बेहतर से और बेहतर बनाते हैं। इसलिए आप सभी अपने बालक-बालिकाओं को स्कूल अवश्य भेजें। वहीं साइबर क्राइम के संबंध में केवाईसी अपडेट, लुभावने ऑफर के लिंक को क्लिक न करने, ओटीपी शेयर न करने, गांव में सोना-चांदी चमकने के नाम पर काफी ठगी होती है किसी के झांसे में ना आए, अवैध शराब बिक्री करने, सट्टा व जुआ खिलाने, नशीली दवाई एवं नशीली इंजेक्शन का उपयोग करने वाले के खिलाफ पुलिस को सूचना देने एवं अभिव्यक्त एप के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ यातायात नियमों के पालन करने एवं दो दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, तीन सवारी न चलने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने समझाइस दी गई। इस अवसर पर ग्राम अमली-मालगी सरपंच, सचिव, पंच गण सहित अधिक संख्या में ग्रामवासी महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थें।

### ग्राम अधरीकछार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत जानकारी दी

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तरेगांव



जंगल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम अधरीकछार में जाकर किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में जानकारी दिया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के टीम जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देख-भाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतु, गुमशुदा, बाल-श्रम, बाल-विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। वहीं पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सुपरवाइजर आरती यादव ने स्वयं सेवकों को बच्चों के चार अधिकार के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ स्वागत भाषण द्वारिका यादव कार्यक्रम आधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी स्वयंसेवक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

---

#### समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोमवार को समय-सीमा की बैठक में भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री जन-मन योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की गहन समीक्षा की कलेक्टर जनमेजय महोबे ने की। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ एवं केन्द्र शासन की प्राथमिकता में शामिल है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि दोनों योजनाएं अलग-अलग है, लेकिन दोनों का उद्देश्य से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियान से जोड़ना है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में में अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार की स्थिति में 208 शिविर का आयोजन हो चुके है। जिसमें अब जिले के अब तक जिले के लगभग 77 हजार ग्रामीण जन शामिल हो चुके है। इस शिविर में भारत सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, मृदा परीक्षण, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिषन सहित अन्य लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए की समीक्षा कर जिले के है। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्रामों में आयोजित होने वाले शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बताया कि आगागी 15 जनवरी को बोड़ला में प्रधानमंत्रीं जनमन योजना के तहत मेगा शिविर का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल जुड़ेगे, साथ ही उप मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इस योजना की तैयारियों की शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया है कि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायत व आश्रित गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

#### बैठक में लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए



कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उचित मूल्य दुकानों से चांवल वसूली की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तहसीलस्तर पर आरआरसी के माध्यम से चांवल वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारित और खाद्य निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर सरोवर में पूर्व में बने लक्ष्मण झूले को नए बनाने और मंदिर परिसर सहित मेला स्थल का साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर पहुंच मार्ग की स्थिति की जानकारी लेते हुए भोरमदेव मंदिर से चिल्फी मार्ग तथा सरोदाबांध मांर्ग निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

---

### हिंदू राष्ट्र धर्मसभा में आदित्यवाहिनी कवर्धा के प्रतिनिधि शामिल हुए



**हरिभूमि कवर्धा।** पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पूरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग सान्निध्य में श्री सुदर्शन संस्थानम रायपुर में रविवार को हिंदू राष्ट्र धर्मसभा का आयोजन किया। जिसमें कवर्धा आदित्यवाहिनी के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस पांच दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पधारे श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य ने प्रदेश भर से आए शिष्यों व भक्तों को धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता तथा हिंदू राष्ट्र स्थापना विषय पर दिव्य मार्गदर्शन दिया तथा सबके प्रश्नों का समाधान किया। सायंकालीन सत्र में पूज्यपाद के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक धरमलाल कौशिक एवं मोतीलाल साहू नें श्रीमदजगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महाराज के दर्शनकर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में संतोष सिंह ठाकुर, अवधेश नंदन श्रीवास्तव, मारुति शरण शर्मा, नारायण गुप्ता, भोला तिवारी, आशीष दुबे, सुरेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शिव अग्रवाल, केदार सिंह, गोपाल गुप्ता, मोनू ठाकुर, दीपेश शर्मा, राहुल केशरी, दिव्य प्रकाश शर्मा, कैलाश शर्मा, संतोष शर्मा, दिव्य प्रकाश शर्मा, पं मोहित प्रसाद शर्मा, पं राममोहन शर्मा, कृष्णदेव शर्मा, नंदू ठाकुर, पीसी गुप्ता, पप्पू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।



### सिंघनपुरी में दो दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

- जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह में शामिल हुए : रामकुमार भट्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में दो दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 6 व 7 जनवरी को किया गया। उक्त दो दिवसीय जोन स्तरीय बाला प्रतियोगिता में शाला संकुल केंद्र खैरबना कला, राजनवागांव, छपरी, रौचन, भालु-चुआ, महाराजपुर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी खेल-प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उक्त बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूव जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कार्यक्रम की अध्यक्षता नितेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जिला भाजपा तथा विशिष्ट अतिथि गुलाब साहू मण्डल अध्यक्ष भोरमदेव व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के जीवन में खेल का भी अत्यधिक महत्व है खेल से बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ नई ऊर्जा का संचार होता है तथा शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है। इसके साथ ही खेल से बच्चों में खिलाड़ी भावना जागृत होती हैं व अनुशासन की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिकाओं के साथ-साथ बालकों को भी निःशुल्क साइयल प्रदाय की जाएगी। श्री भट्ट ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जिले में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के लिए जिले में खेलो इंडिया सेन्टर खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

ग्रामवासियों की मांग पर रामकुमार भट्ट ने आने वाले समय में सिंघनपुरी में जिला पंचायत की निधि से राशि 4 लाख रुपए की लागत से पक्की नाली निर्माण कार्य कराए जाने हेतु आस्वस्त कराया। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने इस आयोजन की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आयोजक मंडल व समस्त शाला संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। इस कार्यक्रम में अमर सिंह साहू, राजा राम साहू, किशन साहू, गोपी साहू, श्याम लाल छेदावी, मोहन लाल, ज्ञान चंद, सरजू, गोविंद, सियाराम आदि सहित ग्राम पंचायत के पंच गण समस्त शाला संकुल के प्राचार्य, समन्वयक शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित भारी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित थें।

---



### पंडरिया विधायक भावना बोहारा को सर्व धोबी समाज ने बधाई दी

- समाज प्रमुखों द्वारा समाज के विभिन्न विषयों पर हुई परिचर्चा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सर्व धोबी समाज जिला कबीरधाम के समस्त पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं नें मिलकर समाज की ओर से पंडरिया विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती भावना बोहरा को निवास रणवीरपुर जाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर समाज की ओर विधायक निर्वाचित होने पर सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं समाज प्रमुखों द्वारा समाज के विभिन्न विषयों पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा से चर्चा-परिचर्चा कर अवगत कराया। इस अवसर पर हिमलेश निर्मलकर जिलाध्यक्ष, तारण निर्मलकर जिला सचिव, कमलेश निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष, द्वारिका निर्मलकर पंडरिया परिक्षेत्र अध्यक्ष, कुमार रजक सचिव, जेठूराम निर्मलकर सरपंच, नरेन्द्र निर्मलकर सरपंच प्रतिनिधि, कुलेश्वर निर्मलकर सरपंच प्रतिनिधि, गोपाल रजक सरपंच, वरिष्ट समाज सेवी शिवकुमार निर्मलकर, फेरहाराम निर्मलकर, बेदकराम निर्मलकर, मनीराम निर्मलकर, डॉ राधेलाल निर्मलकर, टीआर निर्मलकर, बीआर निर्मलकर, दशरथ निर्मलकर, कार्तिक निर्मलकर, रामनिहोरा निर्मलकर, रामेश्वर निर्मलकर, विनोद रजक, देवचरण निर्मलकर, परसोत्तम निर्मलकर, महेश निर्मलकर, इंद्रकुमार, अजय निर्मलकर, रामसहाय निर्मलकर, दिलेश्वर निर्मलकर सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थें।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के विरुद्ध धारा 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने जिले में अवैध शराब ब्रिकी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध धारा 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिले के थाना सिटी कोतवाली, थाना पाण्डातराई एवं थाना-चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया अंतर्गत तीन आरोपियों को अवैध धन अर्जित करने की नीयत से अवैध देशी शराब को अपने कब्जे में रखकर बिक्री करते पुलिस टीम ने धर-दबोचा। जिस में कोतवाली पुलिस कवर्धा द्वारा आरोपी अंतराम पिता धीरपाराम साहू आयु 57 वर्ष निवासी चीमागोंदी को जुनवानी रोड तिराहा के पास अवैध देशी शराब का बिक्री करते रंगे हाथों धर-दबोचा। वहीं आरोपी के कब्जे से 2700 मिली लीटर देशी मदिरा कीमत 1200 रुपए व बिक्री रकम 100 रुपए को सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने जप्तकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक-14/2024 धारा 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा। साथ ही साथ थाना पाण्डातराई पुलिस ने आरोपी अशोक पिता गोवर्धन चंद्रवंशी आयु 42 वर्ष निवासी चारभाटा कला आरोपी के दुकान के पास अवैध शराब का बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया है।



आरोपी के कब्जे से 1260 मिली. लीटर देशी मदिरा कीमती 560 रुपए व बिक्री रकम 200 रुपए को पांडातराई पुलिस टीम के द्वारा जप्तकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक-11/2024 धारा 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। वहीं थाना-चौकी दशरंगपुर पुलिस ने आरोपी रोहित पिता कार्तिक राम विश्वकर्मा आयु 35 वर्ष निवासी करही पुलिस चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया ने ग्राम करही तालाब के पास अवैध शराब का बिक्री करते रंगे हाथों दबोचा वहीं आरोपी के कब्जे से 1260 मिली लीटर देशी मदिरा कीमती 670 रुपए व बिक्री रकम 300 रुपए को चौकी दशरंगपुर पुलिस टीम ने जप्तकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक-11/2024 धारा 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### शासन-प्रशासन की योजनाओं के लाभ से ग्रामीण वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोलेगांव में ग्राम सभा की बैठक आहुतकर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक लिस्ट भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किया गया है, जिसमे कौन से क्राइटेरिया को आधार मानकर जारी किया है समझ से परे है। जिस पर कांग्रेस नेता सुरेश चंद्राकर ने बताया कि जिसमे न तो भूमिहीन मजदूर, न ही विधवा महिला व जिसके पास खुद का रहने के लिए मकान नही है जो दूसरो के ऊपर निर्भर है या दूसरो के मकान में निवासरत है ऐसे लोगों को दरकिनार कर बड़े लोगो जिनके पास खुद का जमीन, रहने के लिए पक्के मकान है उनका नाम लिस्ट में शामिल किया गया है। जिससे गरीब-मजदूर परिवार को भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है व शासन-प्रशासन के मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित है। श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायत कोलेगांव में जिसकों आवास की ज्यादा जरूरत है उसे प्राथमिकता देनी चाहिए।

### निधन

**हरिभूमि कवर्धा।** राजपूत क्षत्रिय समाज कवर्धा के वरिष्ठ नागरिक, पूर्व उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद कवर्धा ठाकुरपारा निवासी भंवर सिंह ठाकुर का आकस्मिक निधन रविवार को सुबह 9:30 बजे निधन हो गया। स्व. भंवर सिंह ठाकुर 86 वर्ष के थे, स्व. ठाकुर के अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर स्व. भंवर सिंह ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन से परिवार में भारी शोक व्याप्त है। स्व. भंवर सिंह ठाकुर रामसिंह, ईश्वरी सिंह, परमेश्वर सिंह के बड़े भाई एवं संदीप सिंह ठाकुर के पिता थे।



पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### पं जवाहर लाल नेहरु उत्कर्ष योजना जिला स्तर विद्यार्थियां के लिए प्रवेश चयन प्रीक्षा 10 मार्च को

**हरिभूमि कवर्धा।** पं जवाहर लाल नेहरु उत्कर्ष योजना के तहत जिला स्तर पर विद्यार्थियां को प्रवेश के लिए चयन प्रीक्षा आयोजित किया जाएगा। इस योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 मे कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियां द्वारा विद्यालय में आगामी 25 जनवरी को शाम 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। इसके बाद शाला प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के आवेदन को परीक्षण कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 31 जनवरी तक जमा करेंगे। छात्रां के चयन के लिए विद्यार्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। पं जवाहर लाल नेहरु उत्कर्ष योजना के चयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र धारक हो। छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया है। पिता अथवा पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। आय प्रमाण पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से किया जाएगा, अर्थात ग्राम पचांयत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा 4थी उत्तीर्ण करने वाले छात्र की योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होगे। कक्षा छठवी में प्रवेश के लिए कक्षा पांचवीं के स्तर का विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिन्दी एवं पर्यावरण पर आधारित 100 आब्जेक्टिव टाईप प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक खण्ड में 20-20 अंक के प्रश्न रहेंगे। इसके लिए 120 मिनट का समय होगा। प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका एक है। छात्र उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित कर उत्तर पुस्तिका परीक्षक को वापस करेंगे। निर्धारित आवेदन पत्र में विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## अनदेखी: दिनदहाड़े चोरी की वारदातों को दिया जा रहा अंजाम कैमरे में कैद

# नगर में सक्रिय बाल चोर गिरोह चुरा रहा है आंख से काजल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ठंड के इन दिनो में जहां जिले के ग्रामीण अंचलों में चोर उचक्के सक्रिय नजर आ रहे हैं और आए दिन छोटी बड़ी चोरी की बारदात को अंजाम दे रहे हैं वहीं जिला मुख्यालय कवर्धा में भी इन दिनो बाल चोर सक्रिय हैं, जो मौका पाते ही आंख से काजल चुराने का काम करते हुए अपनी हांथ ही सफाई दिखा रहा हैं। आलम ये है कि कवर्धा में सक्रिय बाल चोर मौका देखकर कभी घरों के बाहर या यहां वहां खड़े वाहनो से डीजल, पेट्रोल चोरी कर रहा हैं तो कभी निर्माण स्थलों से लोहा अथवा दूसरे कीमती सामानो पर हांथ साफ कर रहा हैं। बताया जाता है कि बीते दिनो ऐसे ही एक बाल चोर गिरोह के सदस्यों कवर्धा नगर के दर्रीपारा विक्की वीडियों के पास निवासरत सीएम गोपाल अग्रवाल के घर के सामने खड़ी उनके बच्चे की सायकल को बड़ी चतुराई से दिन दहाड़े दोपहर करीब 1.00 बजे पार कर दिया। घटना के बाद जब परिजनो ने सायकल की सुध ली तो वह गायब थी। जिस पर उन्होने घर में लगे सीसी टीवी फुटेज की जांच की तो बाल चोर गिरोह की पूरी कारगुजारी सामने आ गई। सीसी टीवी फुटेज में बाल चोर गिरोह के तीन सदस्यों ने चोरी की इस बारदात को अंजाम दिया है। जिसमें दो सदस्य आने जाने वाले लोगों और घर के दरवाजे पर नजर रखे हुए थे वहीं तीसरा सदस्य सायकल को चोरी करने के काम लगा था। पूरी बारदात को बड़े ही सुनियोजित व सफलता पूर्ण ढंग से अंजाम देने के बाद तीनो बाल चोर मौके से चंपत हो गए। सीसी टीवी फुटेज के जरिए सामने आई इस चोरी की, रपट पीड़ित परिवार द्वारा कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी गई है और पुलिस को सीसी टीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन बताया जाता है कि पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। पीड़ित की माने तो पुलिस इस तरह की शिकायतों को बड़े ही हल्के मे ले रही है। संभवतः यही वजह की पुलिस ने अभी तक इस दिशा में कोई कार्यवाही की शुरू नहीं की है और न ही किसी कोई पूछताछ की गई है। जबकि समूचे नगर में इस तरह की चोरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही है।



### जरूरतों को पूरा करने चोरी की बारदातों को अंजाम

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा में बच्चों का एक तबगा भटका हुआ है जो न सिर्फ शिक्षा के साथ मुख्यधारा से वंचित है बल्कि नशा के साथ अन्य बुराईयों में भी लिप्त है। माना जा रहा है कि मुख्यधारा से भटके इन्हीं बच्चों के गिरोह द्वारा इस तरह की छोटी बड़ी चोरी की बारदातों को अंजाम देकर अपनी जुरूरतों को पूरा किया जाता है। बच्चों से जुड़ा यह मसला न सिर्फ शासन, प्रशासन के लिए बल्कि समाज के लिए भी चिंता का विषय है। इस गंभीर विषय को लेकर कवर्धा के विधायक और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा भी अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन अभी तक इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने की कोई पहल सामने नहीं दिखाई दे रही है।

### कबाड़ियों को बेंची जाती है चोरी की सामग्री

सूत्रों की माने तो नगर सहित अंचल में सक्रिय बाल चोर गिरोह प्रायः ऐसे सामानो में हांथ साफ करता है जिसे आसानी से कबाड़ियों के पास बेंचकर नगदी रकम प्राप्त की जा सके। यही वजह है कि इस गिरोह की नजर विशेषकर निर्माण स्थलों में बड़े लोहे के सामनो के साथ घरों, दुकानो, खेत, खलिहालो के आसपास मौजूद दूसरे कीमती सामनो पर रहती है। जिन्हें मौका पाते ही वे चोरी कर बड़ी आसानी से नगर के कबाड़ियों के पास बेंच देते हैं और प्राप्त रकम से अपनी जुरूरतें पूरी करते हैं। ऐसे में नगर के कबाड़ियों को पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश देने चाहिए और पूरी जांच पड़ताल के बाद ही कोई सामान की खरीदी करनी चाहिए।

# नगर में गुमास्ता एक्ट की उड़ाई जा रही है धज्जियां

■ नियम कायदों का पालन कराने प्रशासन नहीं दिखा रहा रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में सरे आम गुमाश्ता एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही है और स्थानीय व्यापारी नियम के विपरीत शुक्रवार को भी अपनी दुकाने खुली रख कर धड़ल्ले से अपना कारोबार चला रहे है।

प्रशासनिक अमला भी गुमाश्ता एक्ट का परिपालन करावा पाने अमसर्थ दिखाई दे रहा है। ज्ञातव्य हो स्थानीय व्यापारियों ने गुरूवार को साप्ताहिक बाजार का धंधा निपटाने के बाद, प्रत्येक शुक्रवार को व्यापार बंद रखने का निर्णय वर्षो पूर्व लिया गया था। यह निर्णय इसलिए भी उचित था कि, स्थानीय व्यापारी विभिन्न जिन्सों और सामानों की खरीददारी करने प्रत्येक शुक्रवार को रायपुर जाते हैं। इसके अलावा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नौकर चाकरों को भी हप्ते भर की हाड़तोड़ मेहनत के बाद एक दिन का आराम मिल जाता है। लेकिन स्थानीय दुकानदारों द्वारा अब इन सब बातों की अनदेखी की जा रही है और नियम विरूद्ध शुक्रवार को भी दुकाने खुली रखकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

हालांकि इस कृत्य में सभी दुकानदार शामिल नहीं है। फिर भी नियमों की अनदेखी करने वालों की संख्या भी कुछ कम नहीं है। नियम की अनदेखी करने वालों में उन दुकानदारों की संख्या सर्वाधिक है जो अपनी दुकानों का संचालन नगर के गली मुहल्लों में करते है। इन दुकानदारों द्वारा साप्ताहिक अवकाश के दिन शुक्रवार को भी दुकाने खुली रखकर दुकान का संचालन किया जाता है। ऐसा ही हाल नगर के नवीन बाजार के एवं दूसरे दुकानदारों का है जो शुक्रवार को साफ-सफाई के नाम पर आधा शटर बंद कर दुकानों का संचालन बेखौफ ढंग करते रहते है। प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होने से कुछ दुकानदारों के हौसले तो इतने बुलंद है की वे पूरी दुकान सजाकर अपना धंधा बेरोकटोक करते है।

दुकानदारों के इस कृत्य से सबसे ज्यादा नुकसान दुकानों में दिहाड़ी में काम करने वाले कामगारों को होता है। बेराजगारी के मारे ये कामगार अल्प वेतन में ही इन दुकानदारों के यहां पूरे हप्ते हाड़तोड़ मेहनत करते है। लेकिन कुछ एक दुकानदारों द्वारा इन्हे हप्ते के एक दिन मिलने वाला साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जाता। जबकि नियमतः दुकानदार गुमाश्ता एक्ट का पालन करे तो इन कामगारों को एक दिन अवकाश प्राप्त हो सकता है।

नियमों के विपरीत कार्य करने वाले इन दुकानदारों के विरूद्ध व्यापारी संघ तो कार्यवाही करता ही नहीं है इसके अलावा प्रशासन का भी संरक्षण इन्हें प्राप्त है जो कभी इस नियम का पालन कराने दुकानदारों की खबर नहीं लेता।

इतना जरूर है कि जब कभी सरकारी अमले का मन खाना पूर्ति करने का होता है तो इक्का दुक्का छोटे दुकानदारों पर कार्यवाही कर दी जाती है। लेकिन यह कार्यवाही महज एक दिखावा ही साबित होती है। इस कार्यवाही का असर न तो दुकानदारों पर पड़ता है और न ही कोई सुधार नजर आता है।

## खबर संक्षेप

### नरेश बने प्रदेश साहू संघ के संगठन मंत्री



**कवर्धा।** त्रिवेणी संगम राजिम में बीते रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा विशाल भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत तमाम दिग्गजों ने महोत्सव में शिरकत की। इस मौके पर प्रदेश साहू संघ में सक्रिय युवाओं को नवीन दायित्व सौंपा गया। जिसमें कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दामापुर निवासी नरेश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ में संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। नरेश साहू को प्रदेश अध्यक्ष टहलराम साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व मिलने के बाद नरेश साहू ने संगठन और समाज के वरिष्ठजनों का आभार जताया और समाज हित में लगातार मेहनत और संघर्ष करने की बात कही।

### राशन दुकान से अज्ञात चोरों ने किया चावल पार

**कवर्धा।** तग्राम पंचायत तारों में गत दिनो अज्ञात चोरों द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। जिससे गांव व आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन के द्वारा बताया गया कि दुकान से करीब 50 कट्टा चावल की चोरी की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार 500 रूपए बताई जा रही है। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाना कवर्धा में दर्ज कराई गई है। अभी तक अज्ञात चोरों की कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### 10 दिवसीय सर्टिफिकेट कार्यक्रम संपन्न

**कवर्धा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा एवं शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा के आईक्यूएसी तथा कोऑडिटनेटर सेल के संयुक्त तत्वावधान में टूल्स एण्ड टेक्निक्स साईस एण्ड टेक्लॉजी विषय पर 10 दिवसीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस पाठ्यक्रम में दोनों महाविद्यालय के 117 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# नपा कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

## शहर भाजपा ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



■ कांग्रेस पार्षदों पर भाजपा ने लगाए कई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भाजपा शहर मंडल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी लड़ाई और कमीशनखोरी के चलते नगर पालिका कवर्धा में कार्यरत कर्मचारियों को उनकी हक और मेहनक का वेतन व मानदेय नसीब नहीं हो रहा है।

जिससे कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर सोमवार को भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा के पार्षदों ने कवर्धा नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौपकर कर्मचारियों को जल्द वेतन दिलाने की मांग रखी है। इस संबंध में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कवर्धा नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी को बहुमत मिला था।

लेकिन पालिका चलाने के लिए लेकिन कांग्रेस पार्षदों के आपसी मतभेद और कमीशनखोरी के चलते विगत 4 वर्षो से शहर के आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं जिसकी संपूर्ण जवाबदारी किसी की है तो नगर पालिका में बैठे कांग्रेस के पार्षदों की है जो अपने कर्तव्य और दायित्व से विमुक्त होकर कवर्धा शहर की जनता एवं नगर पालिका के कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्षदों के आपसी मतभेद का आलम यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष अपना पद छोड़कर अपना दायित्व छोड़ चुके हैं। जिसके चलते अध्सक्ष विहीन पालिका क्षेत्र के आम जनता को पालिका से जुड़े कार्य के लिए दर - दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में पालिका के कार्यो के रुकावट से शहरवासियों को जो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए पूर्णतः कांग्रेसी पार्षद जिम्मेदार है जिन्होंने पालिका को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा था।

### आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे नपा कर्मी

श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में विगत दो माह से कर्मचारियों का वेतन का भुगतान नही किया गया है। जिससे पालिका के कर्मचारी परेशान हो रहे है। उन्होने बताया कि इन सभी विषयों को लेकर सीएमओ को शहर भाजपा द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है ताकि जल्द से जल्द पालिका प्रशासन ठोस निर्णय लेते हुए कमर्चारियों का वेतन भुगतान करें। वहीं श्री चन्द्रवंशी ने यह भी कहा कि कवर्धा शहर की बदहाली और अपने दायित्व निर्वहन करने में पूर्णतः फैल हो चुके कांग्रेसी पार्षदो को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं स्तीफा दे देना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से पार्षद उमंग पांडे, पवन जायसवाल, मनहरण कौशिक, रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, राजा टाटिया, पन्ना चंद्रवंशी, देवा साहू, नील कमल, मनीष साहू, यश भट्ट, हर्ष खुराना उपस्थित थे।

# धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने लगाई अधिकारियों की क्लास, दिए कई निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के शेष दिनों में सतर्कता के साथ पात्र किसानों के धान खरीदी, धान का उठाव और धान खरीदी केन्द्र में सतत निगरानी रखने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई असुविधा नही होनी चाहिए। सभी पात्र किसानों का धान खरीदना है। धान खरीदी के अंतिम दिनों में कोचिया बिचौलिया अधिक सक्रिय होते हैं। उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिले के सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में अन्य राज्य का धान नहीं आना चाहिए। उन्होंने चेकपोस्ट पर अन्य राज्यों से आने-जाने वाली सभी वाहनों कड़ी निगरानी रखते हुए जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही चेक पोस्ट में सभी वाहनों की जानकारी भी रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के पहले उसका सत्यापन जरूर करें। गड़बड़ी करने वालो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि किसान का पूरा धान विक्रय करने के बाद रकबा समर्पण का कार्य अभियान चला कर करें। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार नायब तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि कोई बाहर या अवैध रूप से धान लाता है उन पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने के जरूरत है। मंडी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक धान खरीदी केंद्रों में जाकर जांच करे। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारी को कोचियों का औचक निरीक्षण कर जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधकों के कार्यों की भी लगातार निगरानी रखें। जहा गड़बड़ी की शिकायत मिलती है वहां कारवाई करे। उन्होंने कहा कि तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक की टीम बनाए और 2 दिवस के भीतर सभी राइस मिलों का भी निरीक्षण कर स्टॉक की जांच करें। कलेक्टर श्री महोबे ने धान खरीदी केंद्रों में धान के उठाव की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति से धान का उठाव लगातार होना चाहिए। धान खरीदी में किसानों को असुविधा नहीं होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया।

उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में बोड़ला विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जु?वाने आवदेन दिया। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओं को जांच कर त्वरित निराकरण कर नियमानुसार लाभ दिलवाने निर्देशित किया। ग्राम सेमरिया निवासी लालाराम ने ऋण पुस्तिका में नाम सुधरवाने आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को दस्तावेज के आधार पर नाम सुधारने कार्य करने निर्देशित किया। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लेखा अजगल्ले उपस्थित थे।

### जिला कार्यालय परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का किया गया उद्घाटन



**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उदघाटन किया। ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में जिले के नागरिक ईवीएम/वीवीपैड के सबंध में जानकारी ले सकते है और इसमें हैंड्स ऑन भी कर सकते है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह बिसेन, डीईओ एमके गुप्ता सहित समस्त तहसीलदार, निर्वाचन के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के साथ ही दोनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर 71-पंडरिया और 72-कवर्धा के कार्यालय में भी ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उदघाटन किया। इस सेण्टर में सभी लोग ईवीएम/वीवीपैड के सबंध में जानकारी ले सकते हैं और इसमें हैंड्स ऑन भी कर सकते हैं।

### कथाकार ने रामकथा में भगवान की महिमा बताई

# जीव भगवान का नाम भाव से ले या कुभाव से, उद्धार निश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई



नगर की मानस प्रभात फेरी समिति ने अपने संचालन के 62 वर्ष पूर्ण होने पर एक दिवसीय प्रवचन का कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। गौरतलब है कि नगर की प्रभातफेरी समिति 7 जनवरी 1962 से अनवरत जारी है जिसमें कथा व्यास पंडित सागर मिश्रा भागवत एवं मानस प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। एक दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम में उन्होने श्री रामकथा की महिमा के अंतर्गत कलियुग में भगवान के नाम की अद्भुत महिमा बताई। उन्होने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार कोई व्यक्ति विष पीता है तो वह विष यह विचार नहीं करता कि पीने वाले ने जानबूझकर पिया है या फिर धोखे से वह उसे मृत्यु ही देती है, जिस प्रकार बिजली के तार को पकडऩे से व्यक्ति को करेंट लगता ही है चाहे वह जानबूझकर पकड़े या अनजाने में, जिस प्रकार अग्नि में कोई वस्तु डाली जाए तो वह अग्नि यह विचार नहीं करती की वस्तु धोखे से डाली गई है कि जानबूझकर वह उसे जला ही देती है ठीक उसी प्रकार कोई जीव यदि भगवान का नाम लेता है तो भगवान का नाम उस जीव का उद्धार कर देता है यह विचार किए बिना की जीव भगवान का नाम भाव से ले रहा है कि कुभाव से। प्रवचन के दौरान श्रोताओं के निवेदन पर महाराज श्री द्वारा श्री सीताराम विवाह के दिव्य कथामृत का रसास्वादन जन मानस को कराया गया। कथा श्रवण कर पूरे श्रोता समाज में अपार आनंद की लहर व्याप्त थी। कार्यक्रम में शिवसहाय गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, सुभाष पाण्डेय, शंकर जायसवाल, बालाजी गुप्ता, ओमकार गुप्ता, बसंत गुप्ता, राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# सांसद नेवारीगुढ़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭रवेली




लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय सोमवार को कबीरधाम जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम नेवारीगुढ़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगे पंडालों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी ली और हितग्राहियों से मुलाकात की। सांसद श्री पाण्डेय ने हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, टीशर्ट, टोपी, कैलेंडर आदि सामग्री का वितरण किया। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत दी तथा लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू, जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि व सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू भोरमदेव शक्कर कारखाना के सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, रवेली के पूर्व सरपंच राम सिंह ठाकुर, प्रताप चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, सरपंच, पंचगण, कार्यकर्तागण, विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।